# दिल्ली पुलिस समाचार

अंक-122 मई-जून, 2018 पंजी० सं० आर-43037/85 दिल्ली पुलिस की घरेलू पत्रिका




"करो योग–रहो निरोग"

# अपनी व्यवहार कुशलता और पेशेवर निपुणता से समाज में आदर्श प्रस्तुत करें

**– श्री अमूल्य पटनायक, पुलिस आयुक्त**




पुलिस अधिकारी चाहे छोटे पद पर हों या बड़े पद पर उसे अपनी कार्यकुशलता, पेशेवर निपुणता व कर्तव्यनिष्ठा के साथ काम करते हुए समाज में ऐसे अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत करना चाहिए कि जनता दिल से उसे अपना हितैषी, रक्षक और संकट का साथी समझ कर हर परिस्थिति में उसका साथ दे। इस अवस्था की प्राप्ति के लिए हमें न केवल कठिन परिश्रम करना होगा, बल्कि ईमानदारी, निष्पक्षता, पारदर्शिता और सजगता जैसे गुणों को अपनी कार्यशैली में सम्मिलित करना होगा। अच्छी पुलिस व्यवस्था प्रत्यक्ष व परोक्ष दोनों रूप से नागरिकों पर सकारात्मक प्रभाव डालती है जो सदैव हमारी कार्यशैली के लिए लाभदायक सिद्ध होती है।

साथियों, आजकल सोशल मीडिया के प्रभाव से शायद ही हममें से कोई अछूता होगा क्योंकि यह प्रचार–प्रसार का एक सशक्त माध्यम बनता जा रहा है। परन्तु सोशल मीडिया के सदुपयोग के साथ–साथ कहीं–कहीं उसके प्रयोग के नकारात्मक पहलू भी सामने आ रहे हैं। इसके लिए हमें सोशल मीडिया के बारे में खुद को अपडेट रखते हुए नकारात्मक उपयोग के प्रति जारूगक रहने की जरूरत है। आज जरूरत इस बात की है कि हमें पुलिस व्यवस्था को नवीनतम सोच, आधुनिक संसाधनों और दुनिया के बदलते परिदृश्य के अनुसार परिवर्तित करते हुए आगे बढ़ाने पर जोर देना चाहिए।

साथियों, पिछले दिनों आपने कई चर्चित वारदातों में शामिल अपराधियों को धर–दबोचने और संगीन व घृणित अपराधों को सुलझाने में शानदार सफलता अर्जित की है। उसके लिए मैं आप सब की दिल से सराहना करता हूँ और बधाई देता हूँ। 27 मई, 2018 को माननीय प्रधानमंत्री जी द्वारा निजामुद्दीन पुल से होते हुए एन.एच.24 (वर्तमान में एन.एच 9) एक्सप्रेस–वे के उद्घाटन के लिए की गई यात्रा के दौरान सुरक्षा–व्यवस्था बनाए रखना स्थानीय एवं यातायात पुलिस के लिए किसी चुनौती से कम नहीं था। परन्तु आप सभी इस चुनौती पर खरे उतरे और सफलतापूर्वक सुरक्षा प्रबंधों को अंजाम दिया। इसके साथ ही पिछले दिनों दिल्ली में सम्पन्न हुए क्रिकेट मैंच और 16 जून को ईद पर्व पर आपके द्वारा किये गये सुरक्षा के चाक–चौबंद इंतजाम भी सराहनीय रहे थे। 9 जून, 2018 को छतरपुर इलाके में खूंखार बदमाशों के साथ हुई हिंसक मुठभेड में स्पेशल सेल के जांबाज पुलिसकर्मियों ने अदम्य साहस व बेहतरीन सूझबूझ का शानदार परिचय दिया। इसके अलावा ग्रेटर नोएडा में हुई एक अन्य मुठभेड में खूंखार बदमाश कृष्णपाल गुर्जर को गिरफ्तार करना आपकी बहादुरी और पेशेवर निपुणता को दर्शाता है। ऐसे बहादुरी भरे कारनामों से लोगों के दिलों में एक तरफ जहां पुलिस के प्रति विश्वास और सम्मान बढ़ता है वहीं दूसरी तरफ बदमाशों के खौफ से मुक्त होकर जनता, विशेषकर व्यापारी वर्ग भी राहत महसूस करता है। इससे अपराधियों को भी दिल्ली पुलिस की तरफ से संदेश जाता है कि बदमाश और बदमाशी के लिए दिल्ली में जीरो टोलरेंस पद्वति पर काम किया जा रहा है।

मै, यहां इस बात का भी उल्लेख करना चाहूंगा कि जब अधिकांश अधिकारी एवं कर्मी विभाग की साख को देश के मानस पटल पर ही नहीं बल्कि विश्व के मानस पटल पर उज्ज्वल व मजबूत बनाने के लिए अथक परिश्रम करते हुए अपना सर्वस्व दाँव पर लगा रहे होते हैं तो वहीं दूसरी अपवादस्वरूप कुछेक पुलिसकर्मी अपने निहित स्वार्थ, लालच व लालसा की वजह से पूरे विभाग की प्रतिष्ठा को दांव पर लगा देता है जो निंदनीय है।

अच्छा कार्य करने वाले पुलिसकर्मियों को सदैव सम्मानित व प्रोत्साहित किया जाता रहा है। इसी कड़ी में, अच्छे एवं सराहनीय कार्यो के लिए 38 पुलिसकर्मियों को बारी से पहले पदोन्नति दी गई। 24 सर्वश्रेष्ठ बीट ऑफिसर्स को सम्मानित किया गया तो कईयों को नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

ग्रीष्मावकाश के दौरान दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति ने भी सक्रिय रहते हुए दिल्ली पुलिस की विभिन्न पुलिस कॉलोनियों व परिसरों में भिन्न–भिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित कर पुलिस परिवारों की महिलाओं और बच्चों के कल्याणार्थ विभिन्न कार्यो को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक के नेतृत्व में समिति की पदाधिकारियों ने ऐरोबिक, कैलीग्राफी, थिएटर, काउंसलिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, योगा, डांस, कुकिंग, सेल्फ डिफेंस, इंगलिश स्पीकिंग व स्पोटर्स जैसी गतिविधियों को ग्रीष्मकालीन शिविरों में शामिल किया, जिनसे बहुत सी महिलाएँ और बच्चे लाभान्वित हुए। मैं समिति की समस्त पदाधिकारियों को बधाई देता हूँ और उनके इस निःस्वार्थ सामाजिक कार्य की भूरी–भूरि सराहना करता हूँ। विशेष इकाई महिला एवं बाल सुरक्षा की टीम ने भी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान विभिन्न जगहों पर निःशुल्क आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर आयोजित कर दिल्ली पुलिस के महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम को आगे बढ़ाया है। 21 जून को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस के सभी जिलों और यूनिटों में सफलतापूर्वक योग कार्यक्रम' सम्पन्न हुए, उसके लिए भी आप सबको बधाई देता हूँ आशा करता हूँ कि आप सब अपनी दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करेंगे और शारीरिक और मानसिक तौर पर स्वस्थ रहते हुए दिल्ली के नागरिकों की इसी प्रकार सेवा करते रहेंगे।

# योग दिवस पर आयोजित कार्यक्रम की एक झलक









21 जून को चौथे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के मौके पर दिल्ली पुलिस के सभी जिलों/यूनिटों में योगाभ्यास कार्यक्रम आयोजित किये गये। इसी दिन त्यागराज स्टेडियम में आयोजित एक कार्यक्रम में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** एवं अधिकांश वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों सहित लगभग 2000 कर्मियों ने योग अभ्यास किया। योग पद्धति हमारी जीवनचर्या का वह भाग है जिससे शारीरिक, मानसिक और अध्यात्मिक उर्जा का संचार होता है और तनाव से मुक्ति, मानसिक शांति, शारीरिक मजबूती और कठोर अनुशासन पाया जा सकता है। योग हमें संघर्ष के साथ जीवन जीने की कला सिखाता है और आंतरिक एकाकीपन को भी दूर करता है। विभिन्नताओं से भरपूर पुलिस की ड्यूटी को देखते हुए पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के लिए तनाव कम करने, अपने संकल्प को मजबूत करने तथा अनुशासित जीवन जीने के लिए प्रतिदिन यौगिक क्रियाएँ करना अन्य शारीरिक अभ्यास की अपेक्षा अधिक असरदार होता है। मानसिक तौर पर स्वस्थ और शारीरिक तौर पर मजबूत पुलिस अधिकारी एवं कर्मी समाज की सेवा बेहतर रूप से कर सकते हैं। इसीलिए हर पुलिस अधिकारी और कर्मी को अपनी दिनचर्या में योग को जरूर शामिल करना चाहिए ताकि स्वस्थ तन व मन से अपनी ड्यूटी कर सकें।



चौथे अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न यौगिक क्रियाएं करते हुए पुलिस अधिकारी/कर्मी एवं दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति की अध्यक्षा व पदाधिकारी



# ग्रीष्मकालीन सड़क सुरक्षा जागरुकता अभियान का समापन समारोह सम्पन्न







15 जून, 2018 को बाबा खड़क सिंह मार्ग स्थित ट्रैफिक ट्रैनिंग पार्क में **''रोड़ सेफ्टी अवेयरनेस समर कैम्प–2018''** का समापन समारोह सम्पन्न हुआ। इस मौके पर **मुख्य अतिथि पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने कहा कि किशोरावस्था से ही बच्चों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने से न केवल यातायात व्यवस्था में सुधार लाया जा सकता है बल्कि सड़क दुर्घटनाओं पर भी अंकुश लगाया जा सकता है। श्री पटनायक ने दिल्ली ट्रैफिक पुलिस की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि कई वर्षो से ग्रीष्माकालीन छुट्टियों के दौरान आयोजित होने वाले इन शिविरों में हमारी युवा पीढ़ी सड़क सुरक्षा नियमों के प्रति जागरूक हो रही है। 21 मई से 15 जून, 2018 के बीच चले इस ग्रीष्मकालीन सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान में दिल्ली के विभिन्न स्कूलों के लगभग 2600 बच्चों ने हिस्सा लिया। ग्रीष्मकालीन शिविर के दौरान बच्चों ने यातायात नियमों व सड़क सुरक्षा के अलावा अग्नि सुरक्षा, प्राथमिक चिकित्सा, आपदा प्रबंधन व आत्मरक्षा तकनीक इत्यादि की जानकारी हासिल की। रोशनआरा रोड़, बाबा खड़क सिंह मार्ग, पंजाबी बाग व बाल भवन स्थित ट्रैफिक ट्रेनिंग पार्को में चले इस ग्रीष्मकालीन शिविर को सफल बनाने में SIAM, IGL,Hero Motorcorp, Honda Motorcycle & Scooter India Ltd and JK Tyres सहित कई गैर सरकारी संगठनों ने भी भागीदारी निभाई। **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने ग्रीष्मकालीन शिविरों में सड़क सुरक्षा से जुड़ी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं में श्रेष्ठ स्थान पाने वाले बच्चों के साथ–साथ नुक्कड़ नाटक आदि के माध्यम से सड़क सुरक्षा के बारे में शानदार भाव–भंगिमा प्रदर्शित करने वाले कलाकारों को भी पुरस्कार देकर सम्मानित किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री दीपेन्द्र पाठक, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्रीमती गरिमा भटनागर एवं श्री अजय चौधरी, उपायुक्त पुलिस ट्रैफिक व इंस्पेक्टर मंजू सिंह** ने भी बच्चों को सम्बोधित किया और सड़क सुरक्षा से जुड़ी बारीकियों के बारे में बताया।

# साफ–सफाई की दृष्टि से अव्वल रही पुलिस कॉलोनियों की आर.डब्लू.ए. को पुलिस आयुक्त ने प्रंशसा पत्र व नकद पुरस्कार देकर सम्मानित किया







विभिन्न आर.डब्लू.ए. के पदाधिकारी पुलिस आयुक्त महोदय से प्रशंसा पत्र प्राप्त करते हुए

16 मई, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त कार्यक्रम में वर्ष 2017 के दौरान अपनी–अपनी पुलिस कॉलोनियों में स्वच्छता और सौंदर्यकरण की दृष्टि से बेहतरीन काम करने वाली आर.डब्लू.ए. को नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया। सम्मानित होने वाली 2 बड़ी, 2 मध्यम और 2 छोटी पुलिस कॉलोनियों की आर.डब्लू.ए. के पदाधिकारियों को क्रमशः 25, 20 व 15 हजार रुपये नकद व प्रशंसा पत्र देकर सम्मानित किया गया। इनमें 2 बड़ी पुलिस कॉलोनियों पश्चिम विहार (बाहरी जिला) को प्रथम तथा पीटीएस (मालवीय नगर) को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 25 व 20 हजार रुपये, 2 मध्यम पुलिस कॉलोनियों में पुलिस कॉलोनी मंदिर मार्ग (नई दिल्ली जिला) को प्रथम तथा पुलिस कॉलोनी सुलतानपुरी (बाहरी जिला) को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 20 हजार व 15 हजार रुपये तथा छोटी पुलिस कॉलोनियों में शामिल पुलिस कॉलोनी वसंत कुंज (दक्षिणी–पश्चिमी जिला) को प्रथम तथा पुलिस कॉलोनी राजेन्द्र नगर को द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर क्रमशः 15 हजार व 10 हजार रुपये के नकद पुरस्कार व प्रशंसा पत्र से सम्मानित किया गया।

# पुलिस आयुक्त द्वारा द्वारका जिले में बिंदापुर थाने की नई बिल्डिंग का उद्घाटन






नवनिर्मित बिंदापुर थाने की बिल्डिंग के उद्घाटन के मौके पर पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक, श्री आर.पी. उपाध्याय, श्री संदीप गोयल एवं श्री संजय सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण

26 जून, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने द्वारका जिले में नवनिर्मित बिंदापुर थाने की नई बिल्डिंग का उद्घाटन किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त (कानून एवं व्यवस्था–उत्तरी परिक्षेत्र) श्री संदीप गोयल, विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय सिंह (योजना एवं क्रियान्वयन), विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.के. उपाध्याय (कानून एवं व्यवस्था–दक्षिणी परिक्षेत्र), संयुक्त पुलिस आयुक्त (पश्चिमी परिक्षेत्र) श्री मधुप तिवारी, उपायुक्त पुलिस द्वारका जिला श्री शिबेश सिंह** व क्षेत्र के गणमान्य नागरिक उपस्थित थे। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मियों को सम्बोधित करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कहा कि जनसंख्या घनत्व और अपराधिक वारदातों को देखते हुए इस इलाके में पुलिस की अधिकतम उपस्थिति से नागरिकों में सुरक्षा की भावना मजबूत होगी और पुलिसकर्मियों को अच्छा परिसर उपलब्ध होने से काम की गुणवत्ता में काफी वृद्धि होगी। लगभग 1000 वर्गगज में निर्मित इस चार मंजिला बिल्डिंग का निर्माण एनबीसीसी ने वर्ष 2015 में प्रारंभ किया था। विभिन्न सुविधाओं से परिपूर्ण इस नई बिल्डिंग में फायर हाईड्रेंट सिस्टम व सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की विशेष व्यवस्था की गई है। इस मौके पर पर्यावरण सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस आयुक्त सहित सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने परिसर में विभिन्न प्रकार के पौधे भी लगाये।

# दिल्ली पुलिस व ओला कैब कंपनी की साझा पहल– 'स्ट्रीट सेफ' अभियान







इंडिया गेट पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए एवं ओला कैब को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

29 मई, 2018 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने इंडिया गेट पर दिल्ली पुलिस व ओला कैब कंपनी द्वारा शुरू किये गए अभियान **''स्ट्रीट सेफ''** का शुभारंभ किया और **'चाइल्ड लॉक डिसेबल'** स्टिकर लगी कारों को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री संदीप गोयल, श्री संजय बेनीवाल, श्री प्रवीर रंजन, ओला कंपनी के महाप्रबंधक श्री प्रणव मेहता, उपायुक्त पुलिस ट्रैफिक श्री दिनेश कुमार,** ओला कंपनी से जुड़े चालक व दिल्ली विश्वविद्यालय के छात्र–छात्राएँ उपस्थित थी। पुलिस आयुक्त महोदय ने इस साझा पहल की प्रशंसा करते हुए कहा कि महिलाओं की सुरक्षा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को निभाने के लिए दिल्ली पुलिस समय–समय पर विभिन्न प्रकार की प्रशिक्षण कार्यशाला एवं जागरूकता अभियान चलाती रहती है। इस साझा पहल के तहत व्यावसायिक वाहनों में सफर करने वाली महिला यात्रियों के साथ–साथ उनके चालकों को भी सुगम एवं सुरक्षित यात्रा के लिए जागरूक किया जाएगा। उन्होनें कहा कि ओला कैब में लगे स्टीकर की मदद से महिला यात्री हिम्मत प्लस एप को अपने मोबाइल फोन में जरूर डाउनलोड करें ताकि किसी भी प्रकार की विपत्ति के समय पुलिस सतर्क हो कर पीड़िता को तत्काल सहायता पहुँचा सके। इस अवसर पर पुलिस आयुक्त महोदय ने ओला कैब के दो चालकों और दिल्ली पुलिस के पांच कर्मियों को उनकी सराहनीय सेवाओं के लिए 'हीरोज़ ऑफ ओला' मेडल से भी सम्मानित किया। विशेष पुलिस आयुक्त श्री संजय बेनीवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के तहत ऐसी व्यवस्था की जा रही है कि सभी व्यावसायिक वाहन पुलिस में भी रजिस्टर्ड हों ताकि किसी भी प्रकार की परेशानी के समय उनकी लोकेशन का पता लगाया जा सके। ओला के **महाप्रबंधक श्री प्रणव मेहता** ने कहा कि सार्वजनिक वाहनों में अक्सर यात्रियों से दुर्व्यवहार की सूचना मिलती रहती है। यह साझा पहल ऐसी घटनाओं से निपटने में काफी कारगर साबित होगी।

# जनवरी से मार्च माह के दौरान चयनित 18 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबल पुलिस आयुक्त द्वारा प्रशंसा पत्र व नकद पुरस्कार से सम्मानित


हेड कां. नवीन


कां. रामकेश


कां. नवीन कुमार


हेड कां. कालीचरण


कां. मुकेश

11 मई, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में माह जनवरी, 2018 के 6 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को प्रशंसा पत्र व नकद पुरस्कार से सम्मानित किया। इस मौके पर कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी मौजूद थे। सम्मानित होने वाले अन्य सर्वश्रेष्ट कांस्टेबलों में शामिल हैं:– **हेडकां0 नरेन्द्र** (थाना बेगमपुर उत्तरी परिक्षेत्र–जनवरी माह का बेस्ट बीट ऑफिसर के तौर पर सम्मानित किया गया), **हेडकां0 राजेश कुमार** (थाना बिंदापुर, पश्चिमी परिक्षेत्र), **हेडकां0 रामकेश** (थाना संगम विहार, दक्षिणी परिक्षेत्र), **एएसआई सुमेर सिंह** (थाना कापसहेडा, नई दिल्ली परिक्षेत्र), **कां0 नवीन** (थाना आनंद पर्वत, मध्य परिक्षेत्र) तथा **कां0 नितिन** (थाना ज्योति नगर, पूर्वी परिक्षेत्र)।

1 जून, 2018 को पुलिस मुख्यालय स्थित कॉंफ्रेंस हॉल में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने फरवरी माह के 4 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को प्रशंसा पत्र व नकद पुरस्कर से सम्मानित किया। सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में शामिल हैं :–**हेडकां0 यशपाल** (थाना बेगमपुर– उत्तरी परिक्षेत्र–को दिल्ली का 'फरवरी माह का बेस्ट बीट ऑफिसर' के तौर पर सम्मानित किया गया। **हेडकां0 काली चरण** (थाना पांडव नगर, पूर्वी परिक्षेत्र), **कां0 इरशाद चौधरी** (थाना हौजखास, दक्षिणी परिक्षेत्र), **कां0 मुकेश** (थाना कनाट प्लेस, नई दिल्ली परिक्षेत्र)। **कां0 कुलदीप** (थाना विकासपुरी, पश्चिमी परिक्षेत्र) तथा **कां0 जयप्रकाश** (थाना कश्मीरी गेट, मध्य परिक्षेत्र) किन्हीं अपरिहार्य कारणों से इस मौके पर उपस्थित नहीं हो सके थे।


कां. राजेश कुमार


कां. समर सिंह


कां. नितिन


हेड कां. यशपाल सिंह


कां. इरशाद चौधरी

# हौजखास पुलिस कॉलोनी में पुलिस आयुक्त ने किया रियायती दरों की कैंटीन का उद्घाटन







**हौजखास पुलिस कॉलोनी में वीआईपी दरों की कैंटीन का उद्घाटन एवं सामान की गुणवत्ता देखते हुए पुलिस आयुक्त कैंटीन में उपलब्ध**

30 जून, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने पुलिसकर्मियों के कल्याणार्थ एक कदम और आगे बढ़ाते हुए दक्षिणी जिला इलाके की हौजखास पुलिस कॉलोनी में रियायती दरों की कैंटीन का उद्घाटन किया। इस अवसर पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री ताज हसन, श्री संदीप गोयल, श्री आर.पी उपाध्याय, श्री एम.एम. ओबराय, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री रोमिल बानिया** के साथ–साथ **भूतपूर्व पुलिस आयुक्त श्री बी.के. गुप्ता** व पूर्व **विशेष पुलिस आयुक्त श्री कमर अहमद** भी प्रोत्साहन स्वरूप इस मौके पर उपस्थित थे। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने कैंटीन का उद्घाटन करने के बाद हाल ही में कॉलोनी में नवीनीकृत किये गये अध्ययन केंद्र और व्यायामशाला का मुआयना भी किया। पुलिस आयुक्त ने कहा कि इस कैंटीन में पुलिसकर्मियों को सस्ती दरों पर अच्छी गुणवत्ता वाला सामान मिलने से पुलिसकर्मियों के समय एवं पैसे की बचत होगी और उनके परिजनों को उनके परिसर में ही सामान उपलब्ध होने से वे कुछ हद तक चिंतामुक्त भी होंगे। उपायुक्त पुलिस श्री रोमिल बानिया ने बताया कि सीआरपीएफ कैंटीन के सहयोग से लोक कल्याणकारी योजना के तहत चलने वाली इस कैंटीन में सेवानिवृत्त व सेवारत पुलिस अधिकारी एवं कर्मी सातों दिन सुबह 10 बजे से शाम 7 बजे तक सामान खरीद सकेंगे।



एएसआई कृष्ण पाल



हेड कां. विकास



हेड कां. विजय

6 जून, 2018 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक संक्षिप्त समारोह में **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने मार्च माह के 6 सर्वश्रेष्ठ बीट कांस्टेबलों को प्रशंसा पत्र व नकद पुरस्कार देकर प्रोत्साहित किया। पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित होने वाले पुलिसकर्मियों में शामिल हैं: **कां0 मोती लाल** (थाना द्वारका, पश्चिमी परिक्षेत्र–मार्च माह के बेस्ट बीट ऑफीसर के तौर पर सम्मानित किया गया), **एएसआई कृष्ण पाल** (थाना जीटीबी एंकलेव, पूवी परिक्षेत्र), **हेडकां0 विजय** (थाना कापसहेड़ा, नई दिल्ली जिला परिक्षेत्र), **हेडकां0 विकास** (कश्मीरी गेट, मध्य परिक्षेत्र), **कां0 धर्मेन्द्र** (थाना जैतपुर, दक्षिणी परिक्षेत्र) तथा **कां0 सुरजीत** (थाना नरेला, उत्तरी परिक्षेत्र)। इन सभी 18 बेस्ट बीट ऑफिसर का चयन डयूटी के दौरान खूंखार अपराधियों व लूटेरों को गिरफ्तार कराने,, अवैध हथियार व चोरी के वाहन बरामद कराने, अपहृत बच्चों को सकुशल मुक्त कराने, ऑटो लिफ्टर को गिरफ्तार करने तथा संगीन अपराधों को हल करने में महत्वपूर्ण सुराग जटाने में अहम भूमिका निभाने पर किया गया था।



कां. मोतीलाल मीणा



कां. धर्मेन्द्र



कां. सुरजीत

# दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति द्वारा ग्रीष्मावकाश के दौरान विभिन्न रुचिकर व पेशेवर कार्यशाला आयोजित



25 मई को अहाता किदारा वेलफेयर सेंटर में समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक एवं अन्य पदाधिकारी



29 मई को द्वारका वेलफेयर सेंटर में समिति की पदाधिकारी एवं पुलिस परिवारों के नौनिहाल



8 जून को जगतपुरी सेंटर में भाग लेने वाली बालिकाएं समिति के पदाधिकारियों के साथ




28 मई को मालवीय नगर वेलफेयर सेंटर में आयोजित एक कार्यशाला का निरीक्षण करते हुए श्रीमती सूचना पटनायक




25 मई को मॉडल टाऊन वेलफेयर सेंटर में श्रीमती सूचना पटनायक का स्वागत

**दिल्ली पुलिस परिवार कल्याण समिति** की **अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक** के नेतृत्व में समिति की पदाधिकारियों ने ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान पुलिस परिवारों के बच्चों और घरेलू महिलाओं के लिए अनेक रूचिकर गतिविधियों का आयोजन किया। इस वर्ष दस पुलिस कॉलोनियों सिविल लाइन्स, सराय रोहिल्ला, अशोक विहार, शालीमार बाग, रोहिणी सैक्टर–1, पश्चिम विहार, तिलक नगर, एंड्रयूजगंज, मॉडल टाउन, नरेला, कौशाम्बी व मेहराम नगर में 3 सप्ताह की अवधि के ग्रीष्मकालीन शिविर आयोजित किये गये। हर पुलिस कॉलोनी को स्लॉट आवंटित किया गया और विभिन्न विषयों के 85 विशेषज्ञों की मदद से विभिन्न प्रकार की सांस्कृतिक, खेलकूद, ज्ञानवर्धक, आत्मरक्षा, शैक्षिक व योग गतिविधियों से जुड़े अनुभव बांटे गए। समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने इन ग्रीष्मकालीन शिविरों में जाकर ट्रेनिंग एक्सपर्ट्स व समिति की पदाधिकारियो को स्मृति चिन्ह् भेंट कर उन्हें सम्मानित किया और शिविरों में भाग लेने वाले बच्चों और महिलाओं का उत्साहवर्धन किया ।

इन ग्रीष्मकालीन शिविरों में 'तानसेन अकादमी' द्वारा संगीत नाटक, डांस व म्यूजिक़ कार्यक्रमों के अलावा ऐरोबिक्स, कैलीग्राफी, थिएटर, काउंसलिंग, आर्ट एंड क्राफ्ट, योगा, डांस, कुकिंग, सेल्फ डिफेंस, इंगलिश स्पीकिंग व स्पोर्ट्स जैसी रूचिकर गतिविधियों को शामिल किया गया था। समिति की अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक ने 21 मई से 9 जून तक चले इन ग्रीष्मकालीन शिविरों के समापन समारोह में भी हिस्सा लिया और अपने सम्बोधन में ट्रेनिंग एक्सपर्ट्स व समिति की पदाधिकारियो की लगन व मेहनत की सराहना करते हुए बताया कि इन शिविरों में विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के अलावा कबड्डी, बास्केटबॉल, फुटबाल, कुश्ती व बैडमिंटन जैसी खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले लड़के व लड़कियों का निपुणता के आधार पर चयन कर उन्हें 3 श्रेणियों में विभाजित कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है।




24 जून को नई पुलिस लाईन में योगा कार्यक्रम का उद्घाटन करते हुए अध्यक्षा श्रीमती सूचना पटनायक



11 जून को द्वारका वेलफेयर सेंटर ग्रीष्म कालीन शिविर में भाग लेने वाले बच्चे



28 मई को मालवीय नगर वेलफेयर सेंटर में अध्यक्षा का स्वागत करते हुए वेलफेयर सेंटर के पदाधिकारी



मालवीय नगर वेलफेयर सेंटर में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पुलिस परिवार के नौनिहाल



मॉडल टाऊन वेलफेयर सेंटर में ग्रीष्म कालीन शिविर में बच्चों से बातचीत करते हुए समिति की अध्यक्षा



नई पुलिस लाईन स्थित वेलफेयर सेंटर में ग्रीष्म कालीन शिविर में फिजियोथैरेपी सत्र का आयोजन



नरेला वेलफेयर सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम में शामिल समिति की पदाधिकारी एवं बच्चे



24 जून को नई पुलिस लाईन में आयोजित योग कार्यक्रम में शामिल पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों का सामूहिक चित्र







18 मई, 24 मई व 7 जून को पीतमपुरा पुलिस लाईन स्थित वेलफेयर सेंटर में आयोजित कार्यक्रमों की एक झलक



पीतमपुरा पुलिस लाईन स्थित वेलफेयर सेंटर में ग्रीष्म कालीन शिविरों की रूपरेखा पर चर्चा करते हुए





23 मई को शालीमार बाग वेलफेयर सेंटर में उपलब्ध सामान की क्वालिटी की जांच करते हुए एवं कॉलोनी के बच्चों से ग्रीष्मकालीन शिविर के बारे में बातचीत करते हुए श्रीमती सूचना पटनायक



विकासपुरी स्थित वेलफेयर सेंटर में ग्रीष्मकालीन शिविर में भाग लेने वाले बच्चे एवं समिति के पदाधिकारी



विकासपुरी स्थित वेलफेयर सेंटर में वाद्ययंत्रो से संगीत की प्रस्तुति देते हुए हमारे नौनिहाल



विकास पुरी सेंटर में प्रशिक्षण के दौरान नृत्य का प्रदर्शन करते हुए हमारे नौनिहाल



विकासपुरी स्थित वेलफेयर सेंटर में आयोजित एक कार्यशाला में महिलाओं से मिलते हुए श्रीमती सूचना पटनायक





19 मई व 11 जून को विकास पुरी वेलफेयर सेंटर में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान – वात्सल्य प्रेम की एक झलक तथा शानदार नृत्य की प्रस्तुति देते हुए पुलिस परिवारों के नौनिहाल

## पत्नी के 6 टुकड़े कर शव को कार्टन बॉक्स में बंद कर पति सहित फेंकने वाले 3 अभियुक्तों को गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को पुलिस आयुक्त ने सम्मानित किया।



27 जून, 2018 को **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** ने दक्षिण–पूर्वी जिला के थाना सरिता विहार की पुलिस टीम को हत्या की एक संगीन वारदात सुलझाने पर बधाई दी और प्रोत्साहित किया। इस मौके पर **विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी.उपाध्याय, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री देवेश चन्द्र श्रीवास्तव, उपायुक्त पुलिस श्री चिन्मय विश्वाल, अति.उपा.पुलिस श्री अमित शर्मा, एसीपी श्री ढाल सिंह, इंस्पेक्टर मुकेश कुमार त्यागी** व टीम के अन्य सदस्य उपस्थित थे। 21 जून को ओखला टैंक के पास जंगलों में एक गत्ते की पेटी में एक महिला का शव कई टुकड़ो में पाया गया। पुलिस टीम ने गहन तफ्तीश करते हुए एक सुराग मिला कि गत्ते के बॉक्स पर गुरूगांव स्थित एक 'मूवर्स एंड पैकर्स कंपनी' लिखा हुआ था। इसी को आधार बनाते हुए पुलिस टीम सीसीटीवी कैमरों, मूवर्स एंड पैकर्स कंपनी के कर्मचारियों से पूछताछ, बॉक्स की यूएई से बुकिंग आदि से जुड़े तारों को जोड़ते हुए मृतका जूही के पति साजिद अली अंसारी तथा उसके दो साथियों तक पहुंचने में सफल हुई।

## 24 घंटे के अंदर अंतर्राज्यीय कुख्यात लुटेरों के गिरोह का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम प्रोत्साहित



पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 27 जून, 2018 को थाना कीर्ति नगर की एक पुलिस टीम को इलाके में हुई सनसनीखेज डकैती की वारदात को 24 घंटे में सुलझाते हुए एक कुख्यात गिरोह का पर्दाफाश करने पर बधाई दी और भविष्य में इसी तरह जोश व सूझबूझ से काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर. पी. उपाध्याय, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री मधुप तिवारी, उपायुक्त पुलिस श्री विजय कुमार भी उपस्थित थे।एसीपी (पंजाबी बाग) श्री रमन लांबा के नेतृत्व में थानाध्यक्ष कीर्ति नगर अनिल शर्मा , इंस्पेक्टर सी.एल. मीणा, एसआई पंकज, एसआई योगेश, एसआई नसीब, एएसआई जयवीर, एएसआई विनिती प्रसाद, हेडकां0 संजीव, हेडकां0 अजय, हेडकां0 नरेन्द्र, कां0 संदीप व महिला कां0 मोनू की टीम ने एक पूर्व सेना अधिकारी के यहाँ दिनदहाड़े हुई डकैती की वारदात को सुझलाते हुए लाखों रूपये के आभूषण, 1 रॉलक्स घड़ी, 65 हजार रुपये की नगदी, नेपाली करंसी, डॉलर, बैग, 16 मोबाइल, 1 स्कॉर्पियो कार आदि बरामद करने में शानदार सफलता अर्जित की।

## राष्ट्रीय राजमार्गों पर लूटपाट करने वाले गिरोह का पर्दाफाश करने वाली पुलिस टीम पुलिस आयुक्त द्वारा सम्मानित



4 मई, 2018 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने दक्षिण–पश्चिमी जिला के थाना वसंत कुंज (उत्तरी) की पुलिस टीम को राष्ट्रीय राजमार्ग पर सक्रिय लूटपाट करने वाले गिरोह को गिरफ्तार करने पर मुबारकबाद दी। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री अजय चौधरी, उपायुक्त पुलिस श्री मिलिंद महादेव डूबरे भी उपस्थित थे। एसीपी श्री के.पी. कुकरेती के नेतृत्व में थानाध्यक्ष वसंत कुंज (उत्तरी) गगन भास्कर, इंस्पेक्टर राजेश कुमार, इंस्पेक्टर राजेश मौर्या, एसआई कुलदीप सिंह, एसआई मनीष यादव, एसआई मनीष मीणा, एसआई शुभेंदू शर्मा, एएसआई सुभाष तिवारी, हेडकां0 विकास कुमार, हेडकां0 सुभाष, कां0 कर्मबीर, कां0 गौरव, कां0 प्रमोद, कां रंजन, कां0 कुलदीप व कां आश्करण की टीम ने धौला कुंआ व गुडगांव के बीच राष्ट्रीय राजमार्ग–8 पर लूटपाट की वारदात में संलिप्त गिरोह का पर्दाफाश करने में शानदार सफलता हासिल की। पुलिस टीम ने दिल्ली कैंट, कापसहेड़ा, वसंत कुंज, एयरपोर्ट व द्वारका इलाके में हुई एक ही तरीके से लूटपाट की घटनाओं पर कार्यवाही करते हुए 4 कुख्यात लूटेरों को दबोचने में कामयाबी हासिल की।

## कुख्यात झपटमारों एवं वाहन चोरों के गिरोह का भांडाफोड़ करने वाली टीम द्वारा सराहनीय कार्यवाही



4 मई, 2018 को पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने पश्चिमी जिला के थाना तिलक नगर की एक टीम को इलाके में सक्रिय झपटमारों एवं वाहनचोरों के गिरोह का भांडाफोड़ करने पर शाबाशी दी और उनकी कार्यशैली को सराहा। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी. कामराज, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री मधुप तिवारी, उपायुक्त पुलिस श्री विजय कुमार भी उपस्थित थे। एसीपी (तिलक नगर) श्री एचपीएस सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम जिसमें थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश, एसआई प्रवेश कौशिक, हेडकां0 संदेश, हेडकां0 कर्मबीर, कां0 रामचन्दर, कां0 भारत और कां0 विनोद शामिल थे, ने इलाके में सक्रिय झपटमारों और वाहन चोरों के गिरोह के तीन सदस्यों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की मोटरसाइकिल, लैपटॉप व मोबाइल फोन आदि बरामद करने में सफलता अर्जित की थी।

## अब नहीं होगा क्रांति गैंग का खौफ/स्पेशल सेल की जांबाज टीम के साथ मुठभेड में चार खूंखार बदमाश हुए ढेर/8 जांबाज पुलिसकर्मी भी घायल

9 जून, 2018 की दोपहर दक्षिणी जिला के छतरपुर इलाके में स्पेशल सेल की एक जांबाज पुलिस टीम की कुछ कुख्यात, अतिवांछित और इनामी बदमाशों के साथ हिंसक मुठभेड़ हुई। इस मुठभेड में 4 बदमाश मारे गये और एक घायल हुआ जबकि 8 पुलिसकर्मी भी घायल हुए। दिल्ली पुलिस के इतिहास में शायद यह पहली ऐसी मुठभेड है जिसमें 4 खूंखार बदमाश मारे गये और 8 पुलिसकर्मी भी घायल हुए हैं। हालांकि दिल्ली पुलिस की विभिन्न जांबाज और साहसिक पुलिस टीमों ने समय समय पर स्वयं का जीवन दांव पर लगाकर समाज के लिए खतरा बन चुके बदमाशों का सामना किया हैं जिसमें बदमाशों को कुशलता के साथ दबोचा भी गया और कई बदमाश मुठभेड में मारे भी गये हैं। परन्तु यह मुठभेड दिल्ली पुलिस के जज्बे, हिम्मत के साथ–साथ उनकी निपुण व पेशेवर कार्यप्रणाली को दर्शाती है। उपायुक्त पुलिस श्री पी.एस.कुशवाह एवं श्री संजीव यादव के मार्गदर्शन और एसीपी श्री पंकज सूद के नेतृत्व में स्पेशल सेल की नॉर्दन रेंज की टीम ने इस साहसिक कार्यवाही को अंजाम दिया। इस मुठभेड़ में दोनों तरफ से लगभग 150 राउंड फायरिंग हुई जिसमें 100 राउंड स्पेशल सेल की टीम ने तथा लगभग 50 राउंड बदमाशों की तरफ से फायरिंग की गई। दो बदमाश मौके पर मारे गये जबकि दो ने अस्पताल में दम तोडा और एक घायल है।

पुलिस की मोस्ट वॉन्टेड टॉप टेन लिस्ट में शामिल गिरोह सरगना राजेश भारती हरियाणा के जींद जिले के कंडेला गांव का रहने वाला था और उसके खिलाफ दिल्ली व हरियाणा में हत्या, हत्या के प्रयास, अपहरण, रंगदारी, कार लूट आदि के कई दर्जन मामले दर्ज हैं। इस बदमाश की गिरफ्तारी पर दिल्ली व हरियाणा पुलिस ने एक–एक लाख रुपये का पुरस्कार घोषित किया हुआ था। कुख्यात बदमाश राजेश भारती के साथ मुठभेड़ में मारा गया एक दूसरा बदमाश संजीत विद्रोही भी इसी वर्ष फरवरी माह में राजेश के साथ हरियाणा पुलिस की हिरासत के फरार हुआ था।

मुठभेड में घायल पुलिसकर्मियों को तत्काल फोर्टिस व एम्स ट्रॉमा सेंटर में भर्ती कराया गया और बेहतर उपचार की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। घायल जांबाज पुलिसकर्मियों में एसआई विजेंदर सिंह, एसआई कृष्ण कुमार एसआई राजसिंह, एएसआई हरिचंद, हेडकां0 गिरधर तथा कां0 गुरदीप शामिल हैं। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक भी अस्पताल पहुंचे और घायल पुलिसकर्मियों की हौसला–अफ़जाई की और उनके शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की। विशेष पुलिस आयुक्त (स्पेशल सेल) श्री एम.एम. ओबराय भी घटनास्थल पर और अस्पताल पहुंचे और हालात का जायजा लिया। पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने स्पेशल सेल की जांबाज टीम की प्रशंसा करते हुए इस अदम्य और साहस भरी कार्यवाही को अंजाम देने वाले पुलिसकर्मियों को उनकी बहादुरी के लिए पुरस्कृत करने की घोषणा की। बाद में माननीय उपराज्यपाल श्री अनिल बैज़ल जी भी एम्स ट्रामा सेंटर पहुंचे और घायल पुलिसकर्मियों से मिलकर उनका हालचाल जाना।

## अवैध हथियारों की सप्लाई एवं बिक्री में लिप्त गिरोह का पर्दाफाश कर 27 पिस्टल बरामद करने वाली टीम वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा सम्मानित

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक ने 5 जून को अपराध शाखा की एक टीम को अवैध हथियारों की सप्लाई और बिक्री में शामिल गिरोह का पर्दाफाश करते हुए 27 अवैध सैमी–ऑटोमेटिक पिस्टल एवं 1 रिवाल्वर बरामद करने में सफल रहने पर अपने कार्यालय में बुलाया और शाबाशी दी। इस मौके पर विशेष पुलिस आयुक्त श्री आर.पी. उपाध्याय, संयुक्त पुलिस आयुक्त श्री आलोक कुमार, उपायुक्त पुलिस डॉ. जी. राम गोपाल नायक भी उपस्थित थे। एसीपी (एसटीएफ) श्री पंकज सिंह के नेतृत्व में इंस्पेक्टर जतन सिंह, एसआई सुनील तेवतिया, विकास राणा, महिला एसआई प्रियंका, एएसआई कुंलदीप सिंह, एएसआई बीर सिंह, एएसआई जयप्रकाश, हेडकां0 संजीव तोमर, हेडकां. नीरज धामा, कां0 रवीन्द्र व कां0 रामअवतार की टीम ने 28 मई, 2018 को इन्द्रप्रस्था पार्क, सराय काले खां बस अड्डे के निकट से 2 लोगों को दबोच कर उनके कब्जे से 27 अवैध सैमी–ऑटोमेटिक पिस्टल एवं 1 रिवाल्वर बरामद करने में शानदार कामयाबी हासिल की। अपराध शाखा इससे पूर्व भी कई मौकों पर भारी मात्रा में अवैध हथियार बरामद करने में बेहतरीन सफलता अर्जित कर चुकी है।



## रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय ( गुजरात ) में पुलिस विज्ञान विषय पर विशेष जोर

5 जून, 2018 को पुलिस मुख्यालय स्थित काफ्रेंस हॉल में रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय (गुजरात) के **महानिदेशक श्री विकास सहाय (आईपीएस–88)** ने **पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक** से मुलाकात की। इस अवसर पर दिल्ली पुलिस के अन्य कई वरिष्ठ पुलिस अधिकारी भी उपस्थित थे। श्री विकास सहाय ने बताया कि रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय में पुलिस विज्ञान में पीएचडी करने के दौरान एक डिप्लोमा भी कराया जा रहा है जो प्रशासनिक अधिकारियों और बाहर जमीनी स्तर पर काम करने वाले अधिकारियों के बीच पुल का काम करने में मदद करता है। इससे उनकी कार्यक्षमता और अधिक विस्तृत और पेशेवर हो जाती है। उन्होंने कहा कि एक पुलिस अधिकारी और रक्षा शक्ति विश्वविद्यालय का मुखिया होने के नाते यह मेरा दायित्व है कि पुलिस विश्वविद्यालय के लाभ सारे पुलिस अधिकारियों तक भी पहुंचे।



श्री विकास सहाय को स्मृति चिन्ह् भेंट करते हुए पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक

# 38 जांबाज पुलिसकर्मियों को बारी से पहले पदोन्नति मिली

पुलिस मुख्यालय द्वारा जारी आदेशानुसार विभिन्न मौकों पर अदम्य साहस, अच्छी सूझबूझ, अनुकरणीय कर्तव्यनिष्ठा का शानदार प्रदर्शन करने वाले 38 जांबाज पुलिसकर्मियों को बारी से पहले तरक्की देकर सम्मानित किया गया। पदोन्निति पाने वाले सभी पुलिसकर्मियों को दिल्ली पुलिस परिवार की तरफ से हार्दिक शुभकामनाएं। आशा है कि पदोन्नति पाने वाले सभी पुलिसकर्मी भविष्य में भी इसी जुनून और कर्तव्यनिष्ठा से काम करते हुए सफलता के नए मापदंड स्थापित करेंगे। ये सभी पुलिसकर्मी अगले पदों पर पदोन्नत हुए हैं।


एसआई हीरा लाल


एसआई विकास राणा


एएसआई शमशेर सिंह


एएसआई संदेश


एएसआई राहुल चौहान


एएसआई देवी दयाल


हेडकां. परवेश कुमार


हेडकां. यशपाल


हेडकां. राजीव कुमार


हेडकां. संजीव कुमार


हेडकां. राजीव कुमार


हेडकां. प्रदीप कुमार


हेडकां. मुनीष पाल


हेडकां. मोहित कुमार


हेडकां. मनोज भाटी


हेडकां. लायक अली


हेडकां. जितेन्द्र कुमार


हेडकां. जय कुमार


हेडकां. ब्रिज पाल


हेडकां. बलवंत राणा


हेडकां. अशोक कुमार


हेडकां. अशोक कुमार


कां. अंकित देशवाल


कां. संजय तोमर


कां. नवीन कुमार


कां. कपिल कुमार


कां. गौरव शर्मा


कां. अजय


कां. अजय सिंह फोगाट


कां. वाहिद खान


कां. वीरेन्द्र कुमार


कां. सूर्या प्रकाश


कां. सतेन्द्र खोकर


कां. रवि लांबा


कां. बाबू राम


कां. अजय


कां. पवन कुमार


कां. मनीष कुमार

# पुलिस परिवारों से जुड़े बच्चों ने भी सिविल सर्विस परीक्षा में परचम लहराया

**छात्र जीवन में ही यदि अपने उज्ज्वल भविष्य को लक्षित करते हुए दृढ़ता के साथ निरंतर कठिन मेहनत की जाए तो सफलता प्राप्ति की संभावना और भी प्रबल हो जाती है। हमें वास्तव में क्या चाहिए, इसी पर ध्यान केन्द्रित और खुद पर भरोसा करते हुए अपने लक्ष्य प्राप्ति की तरफ आगे बढ़ना चाहिए। ऐसा माना जाता है कि सफल होने के सभी गुण खुद में ही छिपे होते हैं, जरूरत हैं उन्हें लगन और दृढ़ता के साथ सक्रिय करने की। इन्हीं कुछ बातों को ध्यान में रखते हुए दिल्ली पुलिस परिवारों से जुड़े कई बच्चों ने पिछले दिनों संघ लोक सेवा आयोग द्वारा घोषित सिविल सर्विस परीक्षा परिणाम में शानदार सफलता अर्जित की है। हमारे इन होनहार बच्चों ने अपने अभिभावकों व दिल्ली पुलिस विभाग को भी गौरवान्वित किया है। इन बच्चों ने न केवल परीक्षा में श्रेष्ठ रैंक हासिल किये हैं बल्कि पुलिस परिवारों से जुड़े अन्य बच्चों के सामने अनुकरणीय एवं प्रेरणात्मक उदाहरण भी प्रस्तुत किया हैं। दिल्ली पुलिस परिवार इन सभी सफल युवाओं के स्वर्णिम एवं सफल कैरियर की कामना करता है।**



श्री अंकित कुमार पन्नू

**श्री अंकित कुमार पन्नू** ने इस वर्ष सिविल सेवा में 31वां स्थान प्राप्त करते हुए अपने अभिभावकों एवं पुलिस विभाग का नाम रौशन किया है। श्री अंकित कुमार के पिताजी **एएसआई राजपाल (पीसीआर)** में तैनात है और वर्तमान में सैक्टर–16 रोहिणी में परिवार सहित रहते हैं। मूलरूप से गांव बिचपड़ी, गोहाना, जिला सोनीपत हरियाणा के रहने वाले राजपाल के सुपुत्र अंकित पन्नू ने मॉडर्न पब्लिक स्कूल, शालीमार बाग से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण की और दिल्ली टेक्नीकल यूनिवर्सिटी (डीटीयू) से बी.टेक करने के बाद सिविल सर्विस सेवा में शामिल होंगे। हालांकि उन्होंने वर्ष 2016 में अपने पहले प्रयास में ही 444 रैंक हासिल कर लिया था परन्तु सिविल सेवा में एक अच्छा मुकाम हासिल करने के अपने स्वप्न को पूरा करने के लिए उन्होंने अपना अध्ययन निरंतर जारी रखा और वर्ष 2017 की परीक्षा में अपने स्वपन को पंख लगाते हुए 31वीं रैंक हांसिल की। शिक्षा प्राप्ति के दौरान हर सांस्कृतिक गतिविधियों में बढ़–चढ़ कर हिस्सा लेने वाले अंकित पन्नू ने इस सिद्धांत का अक्षरशः पालन किया कि पढ़ाई के दौरान केवल पढ़ाई और जब परिजनों या मित्रों के साथ हों तो पूरा समय केवल उन्हीं को। किसी भी व्यवस्था में भ्रष्टाचार को समाज के लिए सबसे घातक मानने वाले अंकित पन्नू का कहना है कि कैरियर के दौरान प्रयास करूंगा कि हर निराश व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान ला सकूं। उन्होंने कहा कि मैं अपने पिता श्री राजपाल जी से बहुत प्रभावित हूँ जिन्होंने व्यस्तता के बावजूद हर कदम पर मेरा मार्गदर्शन किया और साथ दिया।



श्री सुधीर कुमार

**श्री सुधीर कुमार** ने सिविल सेवा परीक्षा में 42वां स्थान प्राप्त करते हुए अपनी विलक्षण प्रतिभा का परिचय दिया है। श्री सुधीर कुमार के पिताजी **हेडकां0 जसमेर सिंह (अपराध शाखा)** में तैनात हैं और परिवार सहित बहादुरगढ़, हरियाणा में रहते हैं। मूलरूप से गांव रिढ़ाउं, जिला सोनीपत, हरियाणा के रहने वाले हेडकां0 जसमेर सिंह स्वयं को काफी भाग्यशाली मानते हैं कि उनके तीनों ही बच्चे जीवन में सफलता के पथ पर अग्रसर है। मात्र 23 वर्ष की आयु में सिविल सेवा में 42वां रैंक पाने वाले श्री सुधीर कुमार ने बाल भारती पब्लिक स्कूल ,बहादुरगढ़, हरियाणा से 12वीं कक्षा उत्तीर्ण करने के बाद दिल्ली विश्वविद्यालय के किरोड़ीमल कॉलेज से बी.एससी (फ़िजिक्स) किया और पहले ही प्रयास में यह शानदार सफलता अर्जित की। हेडकां0 जसमेर सिंह की सुपुत्री डॉ निकिता भी बीडीएस डेंटल कॉलेज, बहादुरगढ़ में डॉक्टर है तो दूसरा पुत्र शेखर सिविल इंजीनियरिंग में बी.टेक कर रहा है। श्री सुधीर कुमार का कहना है कि मैं अपनी सेवा के दौरान समाज की सभी संकीर्णताओं से उपर उठकर जन–कल्याणर्थ कार्यो को अंजाम देने का प्रयास करूंगा। यदि पुलिस विभाग से जुड़ा कोई भी अभ्यर्थी परीक्षा की तैयारी से सम्बंधित किसी प्रकार की कोई जानकारी चाहेगा तो मैं यथासंभव मदद करने का प्रयास करूंगा। श्री सुधीर कुमार ने कहा कि दिल्ली पुलिस परिवार से जुड़ें होने पर गर्व की अनुभूति होती है, क्योंकि मैने अपने अभिभावकों के आचरण से यह सीखा है कि कठिन परिस्थितियों में तत्पर व सतर्क रहकर निरंतर परिश्रम करते हुए सहज सफलता पाई जा सकती है।



श्री अंकित यादव

**श्री अंकित यादव** ने भी सिविल सेवा परीक्षा में 191वां स्थान प्राप्त कर अपने अभिभावकों के स्वप्न को साकार किया है। श्री अंकित यादव के माता–पिता दोनों ही दिल्ली पुलिस में कार्यरत हैं। पिता **इंस्पेक्टर श्री प्रवीण कुमार यादव थानाध्यक्ष, निजामुद्दीन रेलवे स्टेशन** के पद पर कार्यरत हैं तथा उनकी माताजी श्रीमती सत्तो देवी दिल्ली पुलिस में उप–निरीक्षक के पद पर कार्यरत हैं। अंकित यादव का कहना है कि जीवन में सदैव कुछ बड़ा करने के लिए मेरे माता–पिता ने मुझे प्रेरित किया और सामाजिक मान–मर्यादा और सही–गलत के बारे में समय समय पर मार्गदर्शन किया। माता–पिता दोनों पुलिस विभाग में होने के कारण अंकित को इतना समय नहीं दे पाते थे जितना समय उनके दादा–दादी ने दिया। इसी कारण अंकित अपने दादा–दादी से विशेष लगाव रखते हैं। आदर्श पब्लिक स्कूल, विकासपुरी से 12वीं कक्षा करने के बाद आईआईटी दिल्ली से बी.टेक और एम.टेक करने के बाद अंकित यादव ने अपने दूसरे प्रयास में यह शानदार सफलता अर्जित की है। कृषि सुधार और डिज़िटल साक्षरता के क्षेत्र में देश के लिए काम करने की मंशा रखने वाले अंकित यादव को म्यूज़िक सुनना और वॉलीवाल खेलना बहुत पंसद है। श्री अंकित यादव ने बताया कि जब एक पुलिसकर्मी दिन–रात व सर्दी–गर्मी में लगातार ड्यूटी दे सकता है या फिर तीज़–त्यौहार अपने परिजनों से दूर रह कर ड्यूटी कर सकता है तो हम उनके समर्पण को देखकर प्रेरणा क्यों नहीं ले सकते। मैं स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता हूँ कि मैं एक अनुशासित पुलिस परिवार का हिस्सा हूँ।

# बोर्ड परीक्षाओं में श्रेष्ठ स्थान प्राप्त करने वाले सभी नौनिहालों को पुलिस परिवार की तरफ से उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए हार्दिक शुभकामनाएँ



**गार्गी**
सुपुत्री इंस्पेक्टर समरपाल सिंह
( सुरक्षा शाखा )
कक्षा 12वीं, 97%



**चित्रा कौशिक**
सुपुत्री एएसआई रामकिशन
( पीटीएस )
कक्षा 12वीं 96%



**नैन्सी**
सुपुत्री हेडकां0 महताब सिंह
( रोहिणी जिला )
कक्षा 12वीं- 96%



**मानसी त्यागी**
सुपुत्री हेडकां. संजय कुमार त्यागी
( स्पेशल सेल )
कक्षा 12वीं, 96%



**विश्मया**
सुपुत्री एएसआई उन्निकृष्णन
( पुलिस मुख्यालय )
कक्षा 12वीं, 96%



**परिमिता गेडाम**
सुपुत्री इंस्पेक्टर मंगेश गेडाम
( मध्य जिला )
कक्षा 12वीं 95%



**अनुष्का शर्मा**
सुपुत्री एएसआई अनिल कुमार शर्मा
( पुलिस मुख्यालय )
कक्षा 12वीं, 94.5%



**अर्जुन चंडोक**
सुपुत्र एएसआई केवल किशन
( विशेष शाखा ) 12वीं-94%



**जान्हवी अंतिल**
सुपुत्री इंस्पेक्टर अशोक कुमार
( संचार शाखा )
कक्षा 12वीं, 94%



**मानसी शर्मा**
सुपुत्री इंस्पेक्टर अजय धर्मा
( पुलिस मुख्यालय )
कक्षा 12वीं, 94%



**सोनाली डबास**
सुपुत्री एसआई बलवान सिंह
( पुलिस मुख्यालय )
कक्षा 12वीं 94%



**वृंदा खन्ना**
सुपुत्री एसआई ब्रिजबाला खन्ना
( पुलिस मुख्यालय )
कक्षा 12वीं- 94%



**साक्षी यादव**
सुपुत्री हेड कां. सत्यवीर यादव
( दक्षिणी जिला )
कक्षा 12वीं-93%



**विशाल पांचाल**
सुपुत्र एएसआई परमजीत
( प्रथम वाहिनी )
कक्षा 12वीं-91%



**विशाल**
सुपुत्र एएसआई राजकुमार
( तृतीय वाहिनी ) कक्षा 12वीं 88%



**छाया देव**
सुपुत्री एएसआई संजय कुमार
( नई पुलिस लाईन ) कक्षा 12वीं 88%



**सायना सिंह**
सुपुत्री एएसआई विक्रांत सिंह
( अपराध शाखा )
कक्षा 10वीं 96.4%



**यति मिश्रा**
सुपुत्री इंस्पेक्टर संजीव मिश्रा
( मध्य जिला )
कक्षा 10वीं 96%



**आकांशा कुशवाह**
सुपुत्री एएसआई लोकेन्द्र सिंह
( विशेष प्रकोष्ठ )
कक्षा 10वीं 96%



**रूशाली चौहान**
सुपुत्री इंस्पेक्टर नरेन्द्र चौहान
( यातायात )
कक्षा 10वीं, 94%



**यशराज**
सिंह सुपुत्र हेडकां0 नीरज सिंह
( पश्चिमी जिला )
वक्षा 10वीं 93%



**जगप्रीत कौर**
सुपुत्री एएसआई जगजीत कौर
( आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ )
कक्षा 10वीं 93%



**वंशज साहनी**
सुपुत्र एएसआई वरूण साहनी
( सतर्कता शाखा )
कक्षा 10वीं 92%



**आदित्या एस.**
सुपुत्री हेडकां0 बीजू एस
( पुलिस मुख्यालय )
कक्षा 10वीं 91%



**आदित्य कौशिक**
सुपुत्र हेडकां0 राकेश कौशिक
( सीआरओ )
कक्षा 10वीं-90%

## शुभकामनाएँ

माह फरवरी, मार्च व अप्रैल, 2018 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाईयों से 295 पुलिसकर्मी सेवानिवृत्त हुए हैं। इनमें 30 पुलिसकर्मियों ने स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति ली है। दिल्ली पुलिस परिवार सेवानिवृत्त हुए सभी पुलिसकर्मियों के अच्छे स्वास्थ्य और दीर्घायु होने की कामना करता है।

**फरवरी माह में सेवानिवृत्त हुए पुलिसकर्मी:–** इंस्पेक्टर मोहन लाल **(पुलिस मुख्यालय)**, इंस्पेक्टर रमेशचंद, एसआई धर्मबीर सिंह, एसआई राजबीर सिंह, एसआई रामबीर सिंह, एसआई शोराज़ सिंह, एसआई महाबीर सिंह, एएसआई संतोष सिंह, एएसआई रणजीत सिंह, एएसआई जगत सिंह, एएसआई कमल सिंह, एएसआई अशोक कुमार, एएसआई गजराज सिंह, एएसआई सत्यनारायण, एएसआई सिब्बल चंद, एएसआई सुरेश कुमार तथा चांद सिंह **(पीसीआर)**, एसआई प्रेमप्रकाश, एसआई सुरेन्द्र सिंह, एसआई रणजीत सिंह, एसआई राम बहादुर सिंह, एसआई कुंदन लाल, एएसआई नरेन्द्र कुमार, एएसआई महावीर प्रसाद, एएसआई दिनेश राय, एएसआई आनंद सिंह व एसआई जोनसन टी.सी. (सुरक्षा), एसआई मोहम्मद उस्मान, एसआई नरेश कुमार, एएसआई निरंजन, गुलाब राय बोरकर, व एमटीसी ओमप्रकाश **(मध्य जिला)**, एसआई जगदीश सिंह **(डी.ई.सेल)**, एसआई दशरथ सिंह व एसआई दयानंद **(यातायात)**, एसआई दिलबाग सिंह व एसआई रामनिवास **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, हेडकां0 मुन्ना लाल (स्पेशल सेल), एसआई रणबीर **(राष्ट्रपति भवन)**, एसआई रामरतन सिह, एसआई महाबीर प्रसाद, एएसआई राज कंवर तथा एमटीएस रूपचंद **(रोहिणी जिला)**, हेडकां0 परमजीत व कां0 ज्ञान सिंह **(तृतीय वाहिनी)**, एएसआई सुखबीर सिंह **(शाहदरा जिला)**, एसआई रवीन्द्र कुमार व एसआई सतबीर सिंह **(पीटीसी)**, एसआई विनोद कुमार व एसआई जाहिद हसन **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, इंस्पेक्टर जयभगवान, एसआई अफीक अली, एसआई दयानंद मान व एसआई पुरूषोत्तम दास **(संचालन एवं संचार)**, एसआई राजेन्द्र पिल्लई व एसआई हरी कुमार **(रोहिणी जिला)**, एएसआई रामभगत व हेडकां0 रोशन लाल **(बाहरी जिला)**, एएसआई करतार सिंह **(द्वारका जिला)**, एसआई धर्मपाल, एसआई फर्मूद आलम व एसआई मोहन सिंह **(स्पेशल ब्रांच)**, एसआई दलबीर चंद, एएसआई

रमेशचंद, एएसआई ओमकुमार **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, एएसआई कृष्णचंद **(छठी वाहिनी)**, एसआई चांद सिंह व एएसआई हरफूल सिंह **(अपराध शाखा)**, इंस्पेक्टर प्रताप सिंह, हेडकां0 रमेश चंद व एमटीएस बहादुर सिंह **(नई दिल्ली जिला)**, एसआई रमेश चंद, एसआई राजकुमार व एएसआई रमेश कुमार **(उत्तरी जिला)**, एसआई स्वरूप सिह तथा रतन लाल (पीएंडएल)।

**मार्च माह में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी:–** इंस्पेक्टर चंद्रेश कुमार वशिष्ठ, एसआई कप्तान सिंह व एसआई ओमप्रकाश **(पुलिस मुख्यालय)**, एसआई गजेन्द्र सिंह **(एसपीयूडब्लएसी)**, इंस्पेक्टर रमेशचंद्र हरबोला **(सातवीं वाहिनी)**, एसआई राजसिंह, एएसआई राजपाल सिंह व एएसआई राजेन्द्र सिंह **(दक्षिण–पश्चिमी जिला)**, एसआई सतबीर सिंह व महिला एएसआई कविता देवी **(दक्षिणी जिला)**, इंस्पेक्टर राजकुमार, एएसआई दलेल सिंह, हेडकां0 धर्मसिंह **(तृतीय वाहिनी)**, एसआई तस्वीर सिंह, एसआई नारायण दत्त, एसआई जसबीर सिंह, एएसआई रामकिशन, एएसआई अजयपाल सिंह व हेडकां0 जोगेन्द्र सिंह सिंधू **(यातायात)**, एसआई मोहम्मद यामिन व शीशराम **(दक्षिण–पूर्वी जिला)**, महिला एसआई इन्द्रा शर्मा, एसआई सुरेश चन्द्र, एसआई जयकिशन, एएसआई हरीसिंह दहिया, **(रोहिणी जिला)**, इंस्पेक्टर हरी सिंह, महिला एसआई अंजू कुमार व एमटीएस चेत सिंह **(पश्चिमी जिला)**, इंस्पेक्टर ओमप्रकाश वैध (पूर्वी जिला) एसआई भीम सिंह व एसआई अशोक कुमार **(राष्ट्रपति भवन)**, इंस्पेक्टर ओमप्रकाश, एसआई राजकुमार, एसआई दयानंद व हेडकां0 बलवान सिंह **(संचार शाखा)**, एसआई जगबीर सिंह व एएसआई फूलचंद **(उत्तर–पूर्वी जिला)**,एएसआई प्रदीप कुमार **(प्रथम वाहिनी)**, एसआई चन्दर पाल,एसआई किशन सिंह, एसआई तेजपाल सिंह व एएसआई कर्ण सिंह (पीटीसी), एसआई राधा किशन व एसआई संत राम **(द्वारका जिला)**, इंस्पेक्टर सत्यवीर सिंह, एएसआई अनूप सिंह, एसआई इकबाल सिंह, एसआई जगदीश प्रसाद, एसआई जगत सिंह, एसआई प्रताप सिंह, एएसआई धर्मपाल, एएसआई कृष्ण पाल, एएसआई जयभगवान, एएसआई रणधीर सिंह, एएसआई अजीत सिंह, एएसआई राजेन्द्र सिंह, एएसआई तेजराम, एएसआई धर्मपाल,एएसआई सूरज मल तथा हेडकां0 जगत सिंह **(पीसीआर)**, एसआई रामदत्त, एसआई राकेश चंद व एसआई जितेन्द्र पाल **(नई दिल्ली जिला)**, एसआई प्रेमपाल व एएसआई धर्मबीर सिंह **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, एसआई सतपाल सिंह व हेडकां0 जगदीश चन्दर **(स्पेशल ब्रांच)**, एसआई आजाद सिंह, एसआई शीशपाल सिंह दहिया, एसआई ओमप्रकाश, एसआई रामकिशन, एसआई रामनिवास, एसआई ओमप्रकाश, एसआई रामभगत, एसआई होशियार सिंह, एएसआई श्याम लाल, एएसआई जसवंत सिंह, एएसआई सतेन्द्र पाल, एएसआई चन्दर मोहन, एएसआई ओम सिंह, हेडकां0 ओमप्रकाश तथा हेडकां0 विद्यानंद **(सुरक्षा)** महिला इंस्पेक्टर किरण यादव, एसआई श्रद्धानंद, महिला एसआई निर्मल कांता, एसआई कुलराज सिंह, एएसआई किशन लाल व एएसआई राजेन्द्र सिंह, **(पीएडंएल)**, एसआई राजबीर सिंह, एसआई सलीमुद्दीन खान, एएसआई ओमप्रकाश, एएसआई साधुराम व एएसआई दर्शन सिंह **(मध्य जिला)**, एएसआई जयसिंह **(सतर्कता शाखा)**, एसआई सतपाल सिंह **(बाहरी जिला)**, एसआई राजेन्द्र सिंह एसआई रघुवीर सिंह **(अपराध शाखा)**, एसआई रमेश कुमार, एसआई रामबीर सिंह, एसआई रामपाल त्यागी **(उत्तरी जिला)**।

**अप्रैल माह में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी:–** इंस्पेक्टर हेमचंद **(पुलिस मुख्यालय)**, एसआई रामसिंह, एसआई आजाद सिंह व एमटीएस मधुबाला **(मध्य जिला)**, इंस्पेक्टर हरी प्रकाश **(एसपीयूडब्लएसी)**, एसआई देवेन्द्र सिंह, एसआई अमर सिंह, एसआई रमेशचन्द, एसआई सुरेश कुमार व एएसआई राजबीर सिंह **(रोहिणी जिला)** इंस्पेक्टर नरेश कुमार, महिला एसआई आशा किरण, एसआई देवराज, एसआई विरेन्द्र सिंह बालियान, एसआई जगबीर सिंह, एसआई रणबीर सिंह, एएसआई कश्मीरी लाल, एएसआई बलदेव राज, एएसआई समुन्द्र सिंह, एएसआई दशरथ कुमार, एएसआई राजबीर सिंह, एएसआई जगदीश चन्द्र, एएसआई मुनी राणा, एएसआई महेन्द्र सिंह, एएसआई सतीश कुमार, एएसआई रामपाल सिंह, एएसआई लक्ष्मी चंद, एएसआई दिलबाग सिंह, हेडकां0 नरेश कुमार, हेडकां0 आजाद सिंह, हेडकां0 अजीत सिंह, हेडकां0 होरीलाल **(पीसीआर)**, एसआई हरभगवान **(सातवीं वाहिनी)** एसआई लाल सिंह, एएसआई रोहताश कुमार व हेडकां0 रमेश चंद्र **(ट्रैफिक)**, एएसआई ब्रहम दत्त, **(पूर्वी जिला)**, एएसआई देवेन्द्र सिंह **(छठी वाहिनी)**, एएसआई धर्मपाल, एएसआई जगजीत सिंह **(प्रथम वाहिनी)** एएसआई राजबीर सिंह ,एएसआई रामकुमार,हेडकां0 मुकेश कुमार **(उत्तर–पूर्वी जिला)**, एसआई नवल किशोर, एएसआई बलवान सिंह, **(स्पेशल सेल)**, एसआई राकेश कुमार, एसआई श्रीनिवास यादव, एमटीएस रमेशचंद **(नई दिल्ली जिला)**, एसआई सतबीर सिंह व एसआई जोगेन्द्र सिंह, **(स्पेशल ब्रांच)**, एएसआई नरेन्द्र सिंह व एमटीएस कालू राम **(तृतीय वाहिनी)**, इंस्पेक्टर सतबीर सिंह, एसआई राजेन्द्र सिंह, एसआई बिशन कुमार **(संचार शाखा)**, एसआई जोसफ फोर्रो, एएसआई नरेन्द्र कुमार महिला एमटीएस मंगेश **(पश्चिमी जिला)**, एसआई ईश्वर दत्त, एसआई मदन लाल, एसआई चांद सिंह, एएसआई प्रताप सिंह, एएसआई प्रताप सिंह, एएसआई कुलविन्दर सिंह, हेडकां0 चांद सिंह, **(सुरक्षा)**, लहना सिंह, एसआई नंद किशोर, एसआई रामकुमार **(पीटीसी)**, एसआई सुभाष चंद भगत, एसआई रामभज सिंह **(दक्षिणी जिला)**, एसआई गुरमेज सिंह, **(सतर्कता शाखा)** इंस्पेक्टर अजय कुमार, एसआई राम मेहर, एसआई रामफूल सिंह, एसआई रामनिवास, महिला एएसआई रोशनी, एएसआई नरेश कुमार **(उत्तर–पश्चिमी जिला)**, एसआई धर्मपाल व एसआई भीम सिंह **(अपराध शाखा)**, एएसआई प्रेम सिंह, एएसआई सुभाष चन्द्र, एएसआई राजेन्द्र प्रसाद, एएसआई राजेन्द्र सिंह **(बाहरी जिला)** इंस्पेक्टर हैती लाल एसआई बिजेन्द्र सिंह, एएसआई राम हरी पाठक, एएसआई राजेश, कां0 जयसिरू मिंज्स **(दक्षिणी–पूर्वी जिला)**, एएसआई नारायण राम **(पीएंडएल)**, एएसआई रण सिंह, एएसआई गुरदीप सिंह, हेडकां0 जगदीश प्रसाद, हेडकां0 सुरेन्द्र पाल सिंह **(उत्तरी जिला)** एएसआई अमर सिंह व हेडकां0 जयमल (रेलवे)।

## श्रद्धांजलि

माह अप्रैल व मई, 2018 के दौरान दिल्ली पुलिस की विभिन्न जिला/ईकाइयों में तैनात 36 पुलिसकर्मियों की विभिन्न कारणों से असमय मृत्यु हो गई। असमय बिछुड़ गये अपने इन साथियों को दिल्ली पुलिस परिवार अपनी भाव–भीनी श्रद्धांजलि अर्पित करता है और उनके शोक संत्पत परिवारों के प्रति गहरी संवेदना प्रकट करता है।

**अप्रैल माह में दिवंगत पुलिसकर्मियों में शामिल हैं:–** इंस्पेक्टर जगदीश सिंह व एएसआई राजबीर (पीसीआर), इंस्पेक्टर आनंद सिंह लाकड़ा (दक्षिणी जिला), एसआई हृदय लाल (चतुर्थ वाहिनी), एएसआई देवकी नंदन व एएसआई रमेश चंद (प्रथम वाहिनी), एएसआई विक्रम सिंह (बाहरी जिला), एसआई देवेन्द्र सिंह, एएसआई बिजेन्द्र सिंह, एएसआई हरपाल सिंह, एएसआई सुन्दर सिंह, हेडकां0 राजेश धनखड़ (सुरक्षा), एएसआई राम सहाय (तृतीय वाहिनी), एएसआई सुखमहेन्द्र सिंह व कां0 जमिल अहमद (दक्षिण–पूर्वी जिला), एएसआई प्रेमपाल (पीएंडएल), एएसआई राजबीर यादव (मध्य जिला), हेडकां0 ओमकार सिंह व कां0 अजय कुमार (उत्तर–पूर्वी जिला), हेडकां0 छोटे लाल मीणा, हेडकां0 राज नारायण सिंह व महिला कां0 सरिता (यातायात), एमटीएस सुनीता देवी (राष्ट्रपति भवन), एमटीएस मीना देवी (उत्तर–पश्चिमी जिला) एमटीएस धर्मपाल (सातवीं वाहिनी)। **मई माह में दिवंगत पुलिसकर्मियों में शामिल हैं :–** एएसआई ब्रिज मोहन (मध्य जिला), एएसआई रतन सिंह व एएसआई प्रेम कुमार (दक्षिण–पूर्वी जिला), एएसआई रामरतन सिंह व एमटीएस सुरेश कुमार (उत्तर–पश्चिमी जिला), एएसआई सुधीर कुमार (पीसीआर), हेडकां0 सुरेन्द्र सिंह व कां0 धारीराम (सुरक्षा), हेडकां0 राकेश कुमार (उत्तर–पश्चिमी जिला), हेडकां0 जितेन्द्र सिंह (पीटीसी) तथा हेडकां0 जोगेन्द्र सिंह (प्रथम वाहिनी)।

## 31 मई, 2018 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण



31 मई, 2018 को 1987 बैच (यूटी कैडर) के वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी श्री पी.कामराज विशेष पुलिस आयुक्त (कानून-एवं व्यवस्था-दक्षिणी परिक्षेत्र) के पद से सेवानिवृत्त हो गए हैं। दिल्ली पुलिस में अपने सौम्य एवं सरल स्वभाव के लिए जाने जाने वाले श्री पी.कामराज ने एसीपी सरस्वती विहार के पद से अपने पुलिस कैरियर की शुरूआत करते हुए दिल्ली पुलिस में महत्वपूर्ण पदों पर सफलतापूर्वक अपने दायित्व का निर्वहन किया। 31 मई, 2018 को पुलिस मुख्यालय में आयोजित एक सादे समारोह में पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक सहित सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों ने श्री पी. कामराज को अपनी शुभकामनाएँ दीं और उनकी दीर्घायु होने और अच्छे स्वास्थ्य की कामना की।

पुलिस आयुक्त श्री अमूल्य पटनायक सेवानिवृत्त हुए विशेष पुलिस आयुक्त श्री पी.कामराज (कानून-एवं व्यवस्था-दक्षिणी परिक्षेत्र) को स्मृति चित्र भेंट करते हुए।



एसीपी श्री कांता प्रसाद कुकरेती (दक्षिणी जिला)



एसीपी श्री सुरेद्र कुमार जयंत (उत्तर-पूर्वी जिला)



श्री कुलभूषण शर्मा (एसीपी दक्षिणी जिला)

## 30 जून, 2018 को सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारीगण

### पुलिस परिवार की शुभकामनाएँ

दिल्ली पुलिस परिवार पिछले दिनों सेवा निवृत्त हुए सभी वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों एवं कर्मियों के अच्छे स्वास्थ, दीर्घायु और खुशहाल जीवन की कामना करता है।



एसीपी श्री महेन्द्र सिंह (एफ.आर.आर.ओ)



एसीपी श्री सरदार सिंह राणा (पीसीआर)

हम भारतवासी अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परंपरा में दृढ़ विश्वास रखते हैं तथा निष्ठा पूर्वक शपथ लेते हैं कि हम सभी प्रकार के आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। हम मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने की भी शपथ लेते हैं।

21 मई, 2018 को पुलिस मुख्यालय प्रांगण में शपथ ग्रहण करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधिकारीगण



सम्पादक : श्री राजीव रंजन, उपायुक्त पुलिस (पुलिस आयुक्त के स्टाफ ऑफिसर)
सह-सम्पादक : निरीक्षक सतबीर सिंह, पुलिस मुख्यालय, नई दिल्ली।



सम्पादक

सह-सम्पादक

